# बिहार सरकार
## योजना एवं विकास विभाग
## (अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय)

**संकल्प**

विषय:- **बिहार मौसम सेवा केन्द्र के संचालन हेतु योजना एवं विकास विभाग के अन्तर्गत आवश्यक मानव बलों के पद सृजन तथा आई.टी. हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की आपूर्ति के लिए 05(पाँच) वर्षो के लिए संभावित व्यय 34.84 (चौतीस करोड़ चौरासी लाख) करोड़ रूपये एवं वित्तीय वर्ष 2020-21 में संभावित व्यय 10.24 (दस करोड़ चौबीस लाख) करोड़ रूपये की स्वीकृति।**

वर्त्तमान में कृषि पूर्वानुमान, सुखाड़ तथा बाढ़ के कारण फसलों की क्षति के पूर्वानुमान के लिए जिला स्तर, प्रखंड स्तर तथा पंचायत स्तर पर जिस प्रकार के आंकड़ें की आवश्यकता है, उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु राज्य के प्रखंड मुख्यालयों में स्वचालित मौसम केन्द्र (AWS) एवं सभी पंचायतों में स्वचालित वर्षामापी यंत्र (ARG) अधिष्ठापित की जा रही है। स्वचालित मौसम केन्द्र (AWS) एवं स्वचालित वर्षामापी यंत्र (ARG) से प्राप्त आंकड़ों के समेकन, एकीकरण, विश्लेषण, प्रचार-प्रसार तथा पूर्वानुमान के लिए राज्य स्तर पर बिहार मौसम सेवा केन्द्र की स्थापना एवं संचालन हेतु बिहार मौसम सेवा केन्द्र सोसाईटी का गठन किया जा रहा है।

2. बिहार मौसम सेवा केन्द्र सोसाईटी (BMSKS) निम्न उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्य करेगी:-
   (i) स्वचालित मौसम केन्द्र (AWS) तथा स्वचालित वर्षामापी यंत्र (ARG) के संचालन (Operation) एवं रखरखाव (Maintenance) संबंधी कार्यो का अनुश्रवण (Monitoring) तथा उनसे प्राप्त आंकड़ों का संग्रहण, विश्लेषण, पूर्वानुमान, व्याख्या एवं प्रसारण।
   (ii) बिहार मौसम सेवा केन्द्र के अधिष्ठापन, संचालन एवं रख-रखाव हेतु नीति का निर्धारण।
   (iii) बिहार मौसम सेवा केन्द्र के प्रबंधन (Management) संचालन एवं रख-रखाव हेतु अन्य संस्थानों एवं एजेंसियों से नियमानुसार वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग प्राप्त करना।
   (iv) बाढ़, सुखाड़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने एवं इससे निपटने हेतु योजना/कार्यक्रम तैयार करने में राज्य सरकार के संबंधित विभागों को समय-समय पर आवश्यक सहयोग देना।
   (v) बिहार मौसम सेवा केन्द्र द्वारा विश्लेषित आंकड़ों एवं पूर्वानुमान के प्रचार- प्रसार हेतु प्रभावी कार्य योजना तैयार करने के लिए नीति निर्धारण में सहयोग देना।

3. बिहार मौसम सेवा केन्द्र के संचालन हेतु जिस तरह के मानवबलों की आवश्यकता होगी, से संबंधित विवरणी निम्नवत् है:-

**(क) प्रशासनिक पद**

| क्र.सं. | पदनाम | पदों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | निदेशक (अपर सचिव/विशेष सचिव स्तर के पदाधिकारी | 01 | प्रतिनियुक्ति के आधार पर |
| 2. | प्रशासी पदाधिकारी (उप सचिव स्तर के पदाधिकारी) | 01 | तथैव |
| 3. | लेखा पदाधिकारी/वित्त नियंत्रक | 01 | बिहार वित्त सेवा के अधिकारी |

N.r

| | | | प्रतिनियुक्ति के आधार पर |
|---|---|---|---|
| 4. | सहायक निदेशक(सांख्यिकी) | 01 | अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय से प्रतिनियुक्ति के माध्यम से |
| 5. | अवर सांख्यिकी पदाधिकारी | 01 | तथैव |
| 6. | उच्च वर्गीय लिपिक | 01 | तथैव |
| 7. | निम्न वर्गीय लिपिक | 02 | तथैव |
| 8. | स्टेनोग्राफर/टंकक | 02 | तथैव |

**(ख) विशेषज्ञ/तकनीकी पद**

बिहार मौसम सेवा केन्द्र के लिए वैज्ञानिक/विशेषज्ञ एवं तकनीकी पदाधिकारी की सेवा संविदा के आधार पर प्राप्त की जायेगी, जिसकी समेकित विवरणी निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* |
| 1 | Joint Director (Technical) | 1 |
| 2 | Senior Scientific Officer (Senior Scientist) | 2 |
| 3 | Scientific Officer (Scientist) | 6 |
| 4 | Junior Scientific Officer (Junior Scientist)/ Scientific Assistant | 10 |
| 5 | Senior Scientific Assistant/ Technical Assistant | 8 |
| 6 | Field/Technical/Scientific Assistant (For Maintaining the Equipment In the field) | 16 |
| | कुल | 43 |

(ग) IT Support (Data Base Management, Application development, System Administration), Help Desk Assistants, लेखा संबंधी सेवा, कार्यालय परिचारी, नाईटगार्ड एवं अन्य आवश्यक सेवाएं आउटसोर्सिंग से ली जा सकेंगी।

4. संविदा के आधार पर नियोजन हेतु वैज्ञानिक एवं तकनीकी पदाधिकारी की वांछित योग्यता उनके दायित्व एवं दी जाने वाली मासिक एवं वार्षिक नियत वेतन से संबंधित विस्तृत विवरणी परिशिष्ट-'क' पर संलग्न है। वैज्ञानिक एवं तकनीकी पदाधिकारियों के वांछत योग्यता में आश्यकतानुसार योजना एवं विकास विभाग द्वारा परिवर्तन किया जा सकेगा।
5. संविदा एवं आउटसोसिंग के आधार पर बिहार मौसम सेवा केन्द्र के लिए सृजित किये जाने वाले पदों पर पाँच वर्षो में संभावित व्यय 24.48 (चौबीस करोड़ चौरासी लाख) करोड़ रूपये एवं वित्तीय वर्ष 2020-21 में संभावित व्यय 4.43 (चार करोड़ तेतालीस लाख) करोड़ रूपये है (विस्तृत विवरणी परिशिष्ट-'ख' पर संलग्न है)। यहाँ उल्लेखनीय है कि संविदा पर नियोजित होने वाले कर्मियों के नियत वेतन में प्रत्येक वर्ष 05 (पाँच) प्रतिशत की वृद्धि की जायेगी।
6. बिहार मौसम सेवा केन्द्र की स्थापना हेतु योजना एवं विकास विभाग के द्वारा स्थान, आधारभूत संरचना एवं आवश्यक सभी सुविधायें उपलब्ध कराई जायेगी। बिहार मौसम सेवा केन्द्र के संचालन हेतु जिस तरह के हार्डवेयर एवं सार्फ्टवेयर की आवश्यकता होगी, से संबंधित विस्तृत विवरणी परिशिष्ट-'ग' पर संलग्न है।

आई.टी. आधारभूत संरचना एवं सॉफ्टवेयर पर संभावित व्यय निम्नवत् है:-

| विवरणी | वित्तीय वर्ष 2020-21 में संभावित व्यय (राशि करोड़ में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| (क) आई.टी. आधारभूत संरचना | 2.20 | प्रथम वर्ष में एकमुस्त व्यय (परिशिष्ट-'ग' संलग्न)। |
| (ख) सॉफ्टवेयर | 2.225 | पाँच वर्ष का रख-रखाव/लाईसेन्स शुल्क सहित कुल व्यय 2.725 करोड़ रूपये (परिशिष्ट-'ग' संलग्न) |
| (ग) आकस्मिकता व्यय | 0.84 | पाँच वर्ष का आकस्मिकता व्यय कुल 2.76 करोड़ रूपये। |
| (घ) विशिष्ट तकनीकी सेवाएँ/परामर्श | 0.50 | बिहार मौसम सेवा केन्द्र अधिष्ठापन के पूर्व AWS (स्वचालित मौसम केन्द्र) एवं ARG, (स्वचालित वर्षामापी यंत्र) के माध्यम से प्राप्त सभी तरह के आंकड़ों के विश्लेषण एवं पूर्वानुमान तथा प्रचार प्रसार हेतु प्रारम्भ के पाँच वर्षो में कुल तकनीकी/परामर्शी सेवा शुल्क 2.50 करोड़ रूपये (परिशिष्ट-'ख' संलग्न)। |

7. बिहार मौसम सेवा केन्द्र पर होने वाली व्यय से संबंधित राशि मांग संख्या-35, मुख्यशीर्ष-3454-जणगणा सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी, उप मुख्यशीर्ष- 02-सर्वेक्षण तथा सांख्यिकी, लघु शीर्ष-205 राज्य सांख्यिकी एर्जेसी, उपशीर्ष-0102-भारत सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण परियोजना, विपत्र कोड- 35-3454022050102 के तहत् बजट उपबंध के अन्तर्गत विकलनीय होगा।

8. बिहार मौसम सेवा केन्द्र के संचालन एवं अनुश्रवण हेतु योजना एवं विकास विभाग में कंडिका 3(क), 3(ख) एवं 3(ग) के अनुसार संविदा एवं आउटसोर्सिग के आधार पर पद सृजन की स्वीकृति के साथ आई.टी. हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर की आपूर्ति हेतु पाँच वर्षो में संभावित व्यय 34.84 (चौतीस करोड़ चौरासी लाख) करोड़ रूपये तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 में 10.24 (दस करोड़ चौबीस लाख) करोड़ रूपये के संभावित व्यय करने के प्रस्ताव पर पर दिनांक-25.08.2020 को सम्पन्न राज्य मंत्रिपरिषद् की बैठक के मद संख्या-43 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है (वर्षवार संभावित व्यय की विवरणी परिशिष्ट-ख पर संलग्न)।

अनुलग्नक:- परिशिष्ट- 'क'; 'ख' एवं 'ग'

**आदेश:-** आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय एवं इसकी प्रतिलिपि सरकार के सभी विभागों/सभी विभागाध्यक्षों एवं महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ भेजी जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

(मनीष कुमार वर्मा)
सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-वर्षा/BMSKS-08/2020/ 896 /पटना, दिनांक- 02/09/2020

प्रतिलिपिः- माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान आप्त सचिव, बिहार,/माननीय मंत्री, योजना एवं विकास विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-वर्षा/BMSKS-08/2020/ 896 /पटना, दिनांक- 02/09/2020

प्रतिलिपिः- मुख्य सचिव, बिहार, पटना/विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-वर्षा/BMSKS-08/2020/ 896 /पटना, दिनांक- 02/09/2020

प्रतिलिपिः- महालेखाकार(ले० एवं ह०), बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-वर्षा/BMSKS-08/2020/ 896 /पटना, दिनांक- 02/09/2020

प्रतिलिपिः- सभी प्रधान सचिव/सचिव, बिहार/सभी विभागाध्यक्ष, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-वर्षा/BMSKS-08/2020/ 896 /पटना, दिनांक- 02/09/2020

प्रतिलिपिः- सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/सभी प्रमण्डलीय उप निदेशक (सांख्यिकी), बिहार/सभी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, बिहार/सभी जिला कृषि पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-वर्षा/BMSKS-08/2020/ 896 /पटना, दिनांक- 02/09/2020

प्रतिलिपिः- मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक-वर्षा/BMSKS-08/2020/ 896 /पटना, दिनांक- 02/09/2020

प्रतिलिपिः- प्रभारी पदाधिकारी, ई-गजट प्रशाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को ई-गजट में प्रकाशनार्थ सी०डी० एवं दो हार्ड कॉपी के साथ प्रेषित। अनुरोध है कि इसकी 50(पचास) प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सरकार के सचिव।